programme in the Defence Forces so as to make them more technically advanced;

(b) whether Government propose to tackle the manpower shortage, through implementation of the above programme so as to reduce the non-plan expenditure also;

(c) if so, the details thereof; and

(d) if not, the reasons therefore?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI N.V.N. SOMU): (a) Continuous efforts are made for technology up gradation in the Defence forces, as a part of the modernisation programme which in itself is an ongoing process.

(b) to (d) Manpower management is carried out having regard to the security environment foreseen and the weapons and platforms likely to be deployed. The modernisation schemes are also designed to optimise the use of the available resources, including manpower resources, which maintaining the required level of defence preparedness.

जनजातीय उपयोजना के अन्तर्गत सिंचाई

2806. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सच है कि वन (संरक्षण अधिनियम, 1980) के कार्यान्वयन के बाद भी जनजातीय उपयोजना के अन्तर्गत सिंचित भूमि का क्षेत्र पहले जितना ही है;

(ख) यदि हां, तो उसे बढ़ाने के लिए क्या-क्या कदम उठाये गये हैं;

(ग) क्या यह सच है कि इसके लिए केवल बांध/उत्थापन सिंचाई ही उपयुक्त है; और

(घ) यदि हां, तो इसके लिए क्या-क्या प्रावधान दिये जा रहे हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) और (ख) वर्ष 1979-80 से 1993-94 की अवधि के दौरान आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत बृहद और मध्यम परियोजनाओं के जरिए चरम सिंचाई क्षमता में 1.55 मिलियन हेक्टेयर की वृद्धि हुई है।

(ग) और (घ) आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में सिंचाई के लिए बृहद, मध्यम और लघु सिंचाई स्कीमें, सतही और उप-सतही दोनों सहित सिंचाई के सभी साधन उपयुक्त हैं। सिंचाई राज्य का विषय है और सिंचाई परियोजनाओं की आयोजना, क्रियान्वयन और वित्त पोषण राज्यों द्वारा उनकी प्राथमिकताओं तथा उनके पास उपलब्ध संसाधनों के अनुसार किया जाता है।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र को आप्टिकल फायबर केबल लाइन से जोड़ना

2807. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ क्षेत्र के उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जिन्हें 1996-97 के दौरान आप्टिकल फायबर केबल लाइन के साथ जोड़कर टेलीफोन सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार है;

(ख) उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां तक कि उपरोक्त कार्य को करने के संबंध में मंजूरी दे दी गयी है और उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जिनके लिए मंजूरी अभी दी जानी है; और

(ग) रायगढ़ जिले के जशपुर शहर को आप्टिकल फायबर केबल के साथ जोड़ने के लिए किये जा रहे कार्य की प्रगति का ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) वर्ष 1996-97 के दौरान मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र के निम्नलिखित स्थानों पर ऑप्टिकल फाइबर केबल प्रदान करने की योजना बनाई गई है, बशर्ते कि उपस्कर उपलब्ध हो:

1. घरघोदा 2. कुदमकेल्ला 3. धुर्मजयगढ़ 4. पाथालगांव 5. लुदेग 6. कासाबेल 7. कुनकुन 8. जाशपुरनगर 9. रायगढ़ 10. बिलासपुर 11. चंपा 12. सक्ती 13. अकालतारा 14. नैला 15. बारादुवार 16. खुर्सिया 17. सिमगा 18. बिलहा 19. दामाखेडा

(ख) वही, जैसा उपर्युक्त "क" में बताया गया है। कोई मंजूरियां लंबित नहीं है।

(ग) रायगढ़-घरघोदा मार्ग पर कार्य 28.11.96 को आरंभ हो गया है और यह 1996-97 के दौरान पूरा किए जाने का लक्ष्य है। घरघोदा-जशपुर नगर का कार्य 1997-98 के दौरान पूरा हो जाएगा।